तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 6 दिसंबर 2025

13 हाइब्रीड की सब्जियां हैं बेस्वाद, रसोई से गायब हुई...



14 भगवान श्री दत्तात्रेय पूरे विश्व के हैं गुरु : विधायक रोहित साहू





## खबर संक्षेप

### सेजेस के वार्षिकोत्सव में विधायक होंगे शामिल

**राजिम।** शासकीय रामबिशाल पांडेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल का वार्षिकोत्सव आज 6 दिसंबर को सुबह 11 बजे विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में होने जा रहा है। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा जीर्णोद्धार भवन का लोकार्पण व भारत माता की मूर्ति



का अनावरण होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, एसएमडीसी सेजेस अध्यक्ष सुजाता-विवेक शर्मा, आजीवन सदस्य एसएमडीसी सेजेस लोकेश पांडेय, पार्षद जानकी पटेल मौजूद रहेंगे। प्राचार्य संजय एक्का एवं प्राचार्य भंवरलाल ध्रुव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में शानदार तैयारी की गई है। एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा के मार्गदर्शन में एनसीसी के कैडेट गार्ड ऑफ ऑनर देंगे। कार्यक्रम के दौरान बोर्ड परीक्षा में कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। बताया कि पत्रकारों एवं विशेष दानदाताओं का सम्मान भी विधायक रोहित साहू करेंगे।

### मैनपुर में विस स्तरीय सांसद खेल महोत्सव आज

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर के पैरी स्टेडियम भाठीगढ़ में 06 दिसम्बर एवं 07 दिसम्बर को विधानसभा स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। विद्यालयीन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहन तथा राष्ट्र की खेल संस्कृति को बढ़ावा देने विधानसभा स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी मैनपुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता वर्मा ने दिया है।

### परिक्षेत्र साहू समाज की बैठक आज

**नवापारा राजिम।** परिक्षेत्र साहू समाज पिपरौद की आवश्यक बैठक 6 दिसंबर को 11 बजे साहू समाज भवन पिपरौद में रखा गया है। परिक्षेत्र साहू समाज के संगठन सचिव शिवकुमार साहू, मीडिया प्रभारी प्रवीण साहू ने बताया कि इस अवसर पर सामाजिक गतिविधि एवं सामाजिक एकजुटता पर आवश्यक रूप से चर्चा कर सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। बैठक में परिक्षेत्र साहू समाज के पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

# दीवानमुड़ा धान खरीदी केंद्र में किसानों का फूटा गुस्सा, घंटों खरीदी रही बंद

## हमालों पर 15 रुपए प्रति बोरा वसूली का आरोप, शुल्क मांगने पर रोकी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के धान खरीदी केंद्र दीवानमुड़ा में आज किसानों ने जमकर हंगामा किया, जिसके चलते घंटों तक धान खरीदी का कार्य बाधित रहा। मामले की जानकारी मिलते ही तहसीलदार अजय कुमार चंद्रवंशी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा के बाद खरीदी दोबारा शुरू हो सकी। मिली जानकारी के अनुसार, सुबह से किसान धान बेचने के लिए खरीदी केंद्र दीवानमुड़ा पहुँचे थे। तभी हमालों द्वारा किसानों से धान तौल करने और बोरा भराई के लिए प्रति बोरा 15 रुपये की मांग की गई। इस मांग से किसान भड़क उठे और उन्होंने नाराजगी जताते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। सैकड़ों किसानों ने आरोप लगाया कि पिछले दिनों शासन से एक पत्र वायरल हुआ है, जिसमें यह साफ लिखा गया है कि प्रति क्विंटल धान की बोरा भराई का खर्चा समिति द्वारा भुगतान किया जाएगा। किसानों ने इस बात को लेकर हंगामा किया और आरोप लगाया कि शासन से राशि मिलने के बावजूद उनसे अतिरिक्त वसूली की जा रही है। किसानों ने बोरा भराई के नाम पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की, जिसके कारण खरीदी घंटों तक बंद रही।



### प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद शुरू हुई खरीदी



मामले की गंभीरता को देखते हुए, देवभोग तहसीलदार अजय कुमार चंद्रवंशी और राजस्व अमला तत्काल मौके पर पहुँचे। अधिकारियों ने समिति प्रबंधक और हमालों से बात की। उन्होंने निर्धारित नियम के अनुसार ही धान खरीदी कराने और किसी भी तरह की अवैध वसूली न करने का सख्त निर्देश दिया। प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश और स्पष्ट निर्देश के बाद, धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से फिर से प्रारंभ हो गया, जिसके बाद किसानों ने राहत की सांस ली।

## समस्या : रात में लगता है शराबियों का जमघट, बाजार के भीतर व्यवस्थित तरीके से शेड निर्माण की जरूरत

# मैनपुर का साप्ताहिक बाजार अव्यवस्था की भेंट चढ़ा, एनएच पर दुकानें लगने से दुर्घटना का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित लगने वाला साप्ताहिक बाजार सबसे बड़ा साप्ताहिक बाजार माना जाता है। यहां व्यवसाय करने प्रत्येक सोमवार को जिले के अलावा महासमुंद, रायपुर, दुर्ग, धमतरी, ओड़ीसा प्रदेश से बड़ी संख्या में व्यवसायी पहुंचाते हैं और बाजार में खरीदारी करने के लिए 70-80 किलोमीटर दूर से हजारों की संख्या में लोग सुबह से पहुंचते हैं। मैनपुर का साप्ताहिक बाजार एक ऐसा बाजार है जो देर रात 8-9 बजे तक चलता है। मैनपुर साप्ताहिक बाजार का एरिया क्षेत्रफल काफी लंबा चौड़ा था लेकिन अब धीरे-धीरे यह सिकुड़ता जा रहा है और अतिक्रमण का भी भेंट चढ़ता जा रहा है। बाजार का एरिया कम होने के कारण व्यापारियों को नेशनल हाईवे के किनारे मजबूरन दुकान लगाना पड़ रहा है जिससे हमेशा दुर्घटना की अंदेशा बनी रहती है। मैनपुर नगर वह क्षेत्र के लोगों ने गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उईके एवं मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम से मांग किया है कि मैनपुर बाजार को सुव्यवस्थित किया जाए और बाजार के भीतर नया बाजार सेड का सही तरीके से निर्माण कराया जाए तो सड़क में लगने वाली दुकानों को बाजार के भीतर व्यवस्थित किया जा सकता है। चारों तरफ व्यवस्थित साप्ताहिक बाजार सेड निर्माण करवाई जाए और साप्ताहिक बाजार के भीतर सभी दुकानदारों को दुकानों का आवंटन सही-सही किया जाए तो मैनपुर साप्ताहिक बाजार को नेशनल हाईवे के किनारे लगाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी क्योंकि बाजार के भीतर बहुत बड़ा जगह क्षेत्रफल है लेकिन अव्यवस्थित दुकान लगने के कारण छोटे–छोटे सब्जी भाजी दुकानदारों को बाजार अंदर में जगह नहीं ▶▶| शेष पेज 12 पर



### प्रशासन को बड़े हादसे का इंतजार, अव्यवस्था बनी मुसीबत

अब स्थानीय निवासियों और राहगीरों के लिए भारी परेशानी और खतरे का दिन बनता जा रहा है। जहां हर सप्ताह हजारों लोग अपनी दैनिक जरूरतों के सामान और सब्जियां खरीदने आते हैं, ग्राम पंचायत को साप्ताहिक बाजार से लाखों रुपया का राजस्व मिलता है ग्राम पंचायत की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह साप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित करें लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा भी कोई प्रयास नहीं किया जाना समझ से परे है बाजार स्थल पर वाहनों की पार्किंग के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण, खरीदार अपनी मोटरसाइकिलें और चारपहिया वाहन मंदिर मार्ग मुख्य सड़क के किनारे ही खड़ी कर देते हैं बाजार के समय घंटों यातायात जाम की स्थिति बनी रहती है।

## ओडिशा सीमा पर अवैध धान परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, 50 कट्टा धान जब्त

**मैनपुर।** मैनपुर देवभोग क्षेत्र ओड़िशा सीमा में लगातार अवैध धान पर अंकुश लगाने प्रशासन मुस्तैद है और लगातार धान के अवैध परिवहन पर कार्यवाही भी की जा रही है। मैनपुर अनुविभागीय अधिकारी डॉ. तुलसीदास मरकाम ने अब धान परिवहन पर कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार पड़ोसी राज्य उड़ीसा से छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 23 एन 7641 में बसंत पिता मानसिंह के द्वारा 50 कट्टा धान अवैध रूप से परिवहन करते हुए बीरीघाट उड़ीसा सीमा से उरमाल की तरफ ले जा रहा था, जिसे मौके पर तस्दीक देते हुए मैनपुर एसडीएम की हमराह टीम ने धर दबोचा और मंडी एक्ट के



तहत कार्यवाही करते हुए थाना अमलीपदर में सुपूर्द कर दिया गया। इस कार्यवाही में प्रमुख रूप से अनुविभागीय अधिकारी मैनपुर डॉ तुलसीदास मरकाम, जितेंद्र विश्वकर्मा, जीवन प्रदान, ओमप्रकाश ठाकुर, चतुर कश्यप वी जागेश्वर ध्रुव सहित स्टाफ मौजूद रहे।

## दुलना के कनक क्रेशर में चौथी बार लाखों का केबल चोरी, 800 फीट तार ले उड़े चोर

**नवापारा-राजिम।** ग्राम दुलना स्थित कनक क्रेसर में पिछले दिनो अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए लाखो रुपए का तार चोरी कर फरार हो गए। स्थानीय क्रेसर संचालक के मैनेजर सुरीत साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दिया है। बताया कि कनक क्रेसर में दिवाली के बाद चोरी का यह चौथी घटना हैं। चोरी हुई वर्तमान केबल की कीमत 1 लाख 12 हजार बताई गई हैं, जो कि 800 फीट लम्बा था। इस क्रेसर में अब तक यहां से कुल 5 लाख से ज्यादा की केबल चोरी हो चुकी हैं। हो रही चोरी की वारदातो से जहां क्रेसर संचालक चिंतित है वही ग्रामीणो में भी दहशत का वातावरण बना हुआ है। ग्रामीणों ने पुलिस से मांग की है कि देर रात तक घुमने वाले अवांछनीय तत्वों की धरपकड़ एवं जांच पड़ताल की जानी चाहिए। बताया जा रहा है कि दुलना क्षेत्र में नशे का कारोबार भी काफी बढ़ा हुआ है।

# 18 लावारिश कुत्तों का वैक्सीनेशन नए साल से नसबंदी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शुक्रवार को राजिम शहर में नगर पंचायत द्वारा 18 लावारिश कुत्तों की धरपकड़ कर एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन लगाया गया। यह अभियान सीएमओ मनीष गायकवाड़ के निर्देश पर पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से सफल हुआ। नगर पंचायत के कर्मचारी दीपक वर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान बस स्टैंड, मुख्य बाजार, राजीव चौक, त्रिवेणी संगम घाट, राजिम मंदिर परिसर, स्कूल-कॉलेज एवं सभी आवासीय कॉलोनियों में टीम भेजा गया और हर जगह कुत्तों को सुरक्षित पकड़कर टीकाकरण किया गया। सीएमओ मनीष गायकवाड़ ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर हमारा लक्ष्य राजिम को रेबीज-मुक्त क्षेत्र बनाना है। नागरिकों की सुरक्षा के साथ-साथ पशुओं के प्रति भी मानवीय दृष्टिकोण अपनाया गया। वैक्सीन लगने से एक वर्ष तक पूरी तरह से सुरक्षा होगी। यह अभियान अगले साल पुनः चलेगा। बताया कि जनवरी 2026 से आवारा कुत्तों की नसबंदी का अभियान शुरू किया जाएगा ताकि इनकी बढ़ती संख्या पर स्थायी रूप से नियंत्रण पाया जा सके।



### ग्रामीण को कुत्ते ने काटा, रेफर

**मैनपुर।** मैनपुर में शुक्रवार दोपहर को एक ग्रामीण पर आवारा कुत्ते ने जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मैनपुर तालाब के किनारे हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम आचला निवासी मधुसुदन मांझी दोपहर में शौच के लिए तालाब किनारे नदी की ओर गए थे। इसी दौरान, एक कुत्ते ने अचानक उन पर हमला कर दिया और उन्हें बुरी तरह से काट लिया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल मधुसुदन मांझी को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, चोटें गंभीर होने के कारण प्रारंभिक उपचार के बाद परिजनों ने उन्हें आगे के बेहतर इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल रेफर कर दिया है। इस घटना के बाद मैनपुर तालाब और नदी किनारे के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के आतंक को लेकर ग्रामीणों में चिंता का माहौल है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सढ्ढू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२*, 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति ऍम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## वायु प्रदूषण का खतरा, निर्देशों की हो रही अवहेलना

# प्रशासनिक प्रतिबंध के बावजूद खेतों में जल रही पराली पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

प्रशासन की ओर से लगाए गए पूर्ण प्रतिबंध और कड़ी चेतावनी के बावजूद, रसेला क्षेत्र में किसान बड़े पैमाने पर खेतों में पराली (फसल अवशेष) जला रहे हैं। इस कार्य से न केवल वायु प्रदूषण का गंभीर खतरा पैदा हो रहा है, बल्कि कलेक्टर द्वारा जारी स्पष्ट निर्देशों की भी खुली अवहेलना हो रही है। अंचल में रबी फसल की तैयारी कर रहे किसान धान की कटाई के बाद बचे अवशेष को आग के हवाले कर रहे हैं। इन खेतों से उठते धुएं के गुबार ने स्थानीय पर्यावरण और वायु गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डालना शुरू कर दिया है। एक ग्रामीण ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह हर साल का चलन बन गया है, लेकिन इस बार प्रशासन की सख़्ती और कानूनी कार्यवाही की चेतावनी के बावजूद ऐसा हो रहा है।



### समाधान पर उठे सवाल

इस स्थिति ने एक बार फिर सवाल खड़े किए हैं कि क्या केवल निर्देश जारी करने भर से इस गंभीर समस्या का समाधान संभव है। विशेषज्ञों का मानना है कि किसानों को व्यवहारिक और किफायती विकल्प उपलब्ध कराए बिना, तथा उन्हें केवल दंडात्मक उपायों के बजाय प्रोत्साहन दिए बिना इस चुनौती पर काबू पाना मुश्किल है। जब तक किसानों की व्यवहारिक समस्याओं का हल नहीं निकाला जाता, तब तक प्रतिबंध के बावजूद खेतों में आग लगती रहेगी और हवा में जहर घुलता रहेगा।

### किसानों के तर्क और चुनौती

किसानों से बातचीत करने पर उनका मुख्य तर्क यह है कि अगली फसल की तैयारी के लिए उनके पास पराली हटाने का कोई आसान या किफायती विकल्प नहीं है। वे मशीनीकृत समाधानों की उच्च लागत और समय की कमी का हवाला देते हैं। हालांकि, प्रशासनिक अधिकारियों को यह तर्क स्वीकार्य नहीं लग रहा है। समस्या यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने और पराली प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों की व्यवस्था किए जाने के दावे के बावजूद, जमीनी स्तर पर इन उपायों का असर दिखाई नहीं दे रहा है।

## खबर संक्षेप

### पथरला केंद्र प्रभारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक पिरदा में अस्थाई रूप से पदस्थ

**महासमुंद।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। शासन द्वारा जारी धान खरीदी नीति की कंडिका 4.2 के अनुसार धान उपार्जन का कार्य प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों एवं लैम्प्स के माध्यम से किया जाना है तथा कंडिका 20.7 के अनुसार समस्त व्यवस्था एवं कार्यवाही कलेक्टर के निरीक्षण एवं नियंत्रण में संपन्न की जानी है। इसी क्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने धान खरीदी कार्य को व्यवस्थित एवं सुचारू रखने हेतु पिथौरा के पथरला धान उपार्जन केंद्र प्रभारी श्री प्रहलाद प्रधान को वर्तमान खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए उनके दायित्वों से पृथक करते हुए विकासखण्ड पिथौरा अंतर्गत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. रायपुर शाखा पिरदा में धान खरीदी अवधि तक अस्थायी रूप से पदस्थ किया गया है।

### विस अध्यक्ष डॉ. रमन ने पुस्तक का किया विमोचन



**रायपुर।** इंडियन लॉ हाउस पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित नई पुस्तक "विभागीय जांच कैसे करें" का गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा विमोचन किया गया। इस महत्वपूर्ण विधि-ग्रंथ के लेखक सामान्य प्रशासन विभाग के पूर्व संयुक्त सचिव केके बाजपेयी हैं। विभागीय जांच की प्रक्रिया को सरल, स्पष्ट और व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत करने वाली यह पुस्तक विधि एवं प्रशासनिक कार्यों से जुड़े सभी पाठकों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी।

### स्कूल में मनाया गया विश्व दिव्यांग दिवस



**रायपुर।** बजाज कालोनी सेक्टर-1 न्यू राजेंद्र नगर में अर्पण कल्याण समिति द्वारा संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के मूक-बधिर बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। श्रवण शक्ति नहीं होने के बाद भी संगीत की धुन पर बच्चों के नृत्य ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इसी दौरान सेन समाज के अध्यक्ष मनोज सेन का सम्मान किया गया। सेन एसोसिएशन के सदस्य समय-समय पर स्कूल आकर बच्चों के बाल निशुल्क काटते हैं। इस अवसर पर बच्चों को उपहार दिए गए। इस मौके पर पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा कि दिव्यांग बच्चे वर्तमान दौर में पूरी दुनिया को अपने हुनर का कमाल दिखा रहे हैं। संस्था के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने बताया कि हम इन बच्चों को स्कूल में कंप्यूटर, चित्रकला, मूर्तिकला, नृत्य, खेल आदि सिखाए जाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. नवीन बागरेचा, असीम सहगल, डॉ. नीतू वर्मा, समाजसेवी ध्रुव अग्रवाल, प्राचार्य कमलेश शुक्ला, सीमा छाबड़ा आदि उपस्थित थे।

**कार्रवाई : अनियमितता पर समिति प्रबंधक को नोटिस जारी**

# कलेक्टर उइके ने मरौदा धान खरीदी केंद्र पर मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिले में समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी की स्थिति जानने कलेक्टर बी.एस. उइके आज मरौदा धान खरीदी केन्द्र पहुँचे। निरीक्षण के दौरान केन्द्र की व्यवस्थाओं में कई अनियमितताएँ पाई गईं, जिस पर कलेक्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने केन्द्र के समिति प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वयं नमी मापक यंत्र से धान की नमी जाँची और बोरो को हाथ लगाकर धान की गुणवत्ता की जाँच की। उन्होंने अपने सामने ही धान की तौल कराई, जिसमें वजन सही नहीं पाया गया। इस पर उन्होंने नाराज़गी व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों से धान खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। कलेक्टर उइके ने उपार्जन केन्द्र में उपस्थित किसानों से बातचीत कर यह जानकारी ली कि उन्हें धान बेचने की प्रक्रिया में किसी प्रकार की दिक्कत तो नहीं हो रही। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिया कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएँ सुचारू रखी जाएँ। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने धान आवक पंजी, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, नमी मापक यंत्र, किसानों की ऋण पुस्तिकाएं, पुराने और नये बारदाने तथा स्टॉक मिलान सहित सभी आवश्यक अभिलेखों और उपकरणों की जाँच की। उन्होंने केन्द्र में धान की तौल, भराई, बोरी सिलाई और स्टैकिंग में किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिदिन खरीदी के बाद बोरो की सिलाई कर उन्हें व्यवस्थित रूप से रखा जाए और जहाँ कहीं कमी हो, उसे तुरंत सुधारा जाए।

कलेक्टर ने सम्बंधित अधिकारी को स्टॉक सत्यापन करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम हितेश्वरी बाघे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर के औचक निरीक्षण और सख्त रुख से विभागीय अमले में हड़कंप मचा हुआ है।

## फर्जी दस्तावेज़ों पर 48 सिम कार्ड जारी करने का खुलासा, पीओएस संचालक पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनपुर पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जारी किए गए 48 मोबाइल सिम कार्डों के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। पुलिस मुख्यालय तकनीकी सेवाएं/साइबर पुलिस मुख्यालय, नया रायपुर से प्राप्त निर्देशों के बाद अभनपुर पुलिस ने जाँच कार्रवाई तेज की और इस नेटवर्क को उजागर किया। पुलिस को उच्च विभाग से 8 जुलाई 2025 को एक पत्र प्राप्त हुआ था, जिसमें फर्जी सिम जारी करने वाले प्वाइंट ऑफ सेल्स (पीओएस) की सूची भेजी गई थी। इसी आधार पर अभनपुर थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह श्याम और विवेचना टीम ने संबंधित मोबाइल नंबरों की गहन जाँच की। जांच के दौरान, मोबाइल नंबरों के सीएएफ दस्तावेजों में तीन व्यक्तियों के नाम पाए गए। पुष्पेन्द्र कुमार साहू (निवासी मोहदी), संदीप कुमार साहू (निवासी केन्द्री), संदीप कुमार(निवासी भाठापारा बेलर) पूछताछ में इन तीनों व्यक्तियों ने स्पष्ट किया कि उन्होंने न तो कभी इन मोबाइल नंबरों का उपयोग किया है और न ही कोई सिम प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि उनके आधार कार्ड व दस्तावेजों का उनकी जानकारी के बिना गलत उपयोग किया गया है।

**गुप्ता टेलीकॉम के संचालक पर लगा आरोप-** तीनों पीड़ितों ने अपने बयान में उल्लेख किया कि शनि मंदिर के पास बस स्टैंड अभनपुर स्थित गुप्ता टेलीकॉम के संचालक शुभम गुप्ता द्वारा उनके दस्तावेजों का छलपूर्वक उपयोग कर फर्जी सिम कार्ड जारी किए गए और अन्य लोगों को बेचे जा रहे थे। जांच में यह तथ्य सामने आया कि केवल एक पीओएस आईडी के माध्यम से कुल 48 फर्जी मोबाइल नंबर जारी किए गए थे, जिनके सभी दस्तावेज संदिग्ध एवं गलत पाए गए।

**पुलिस ने दर्ज किया अपराध-** पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीओएस संचालक के विरुद्ध धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह श्याम ने कहा कि पीओएस संचालकों और फर्जी सिम कार्ड जारी करने वाले पूरे नेटवर्क की जाँच जारी है।

# किसान कांग्रेस ने धान खरीदी पर सरकार को घेरा

## शासकीय पट्टाधारियों के लिए पोर्टल में कॉलम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, देश की सुरक्षा करने वाले सैनिकों, ग्राम के कोटवार, आदिवासी समुदाय के वन अधिकार पट्टा के लोगों तथा अन्य पात्र किसानों को सरकारी योजनाओं के अंतर्गत आवंटित भूमि एग्रो पोर्टल में रजिस्टर ही नहीं हो पा रही है, क्योंकि वर्तमान भाजपा सरकार ने इन शासकीय पट्टों के लिए पोर्टल में संबंधित कॉलम ही नहीं बनाया है। अभिषेक मिश्रा ने कहा कि हजारों किसान, जिनमें स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन, सैनिक परिवार और वन अधिकार पट्टाधारी किसान शामिल हैं, पटवारी, तहसील और सोसाइटी के चक्कर काटते-काटते थक चुके हैं। बावजूद इसके उनकी भूमि का पंजीकरण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि रिकार्ड दुरुस्ती की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2025 भी समाप्त हो चुकी है, लेकिन संबंधित किसानों का धान एग्रो पोर्टल में रजिस्ट्रेशन न होने के कारण टोकन जारी ही नहीं हो सका।



भाजपा सरकार की मंशा किसानों को परेशान करने की"—किसान कांग्रेसअध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार की नीयत धान खरीदी को लेकर शुरू से ही संदेहास्पद रही है।उन्होंने आरोप लगाया कि कभी नियम बदलकर, कभी तकनीकी खराबी बताकर,और अब एग्रो पोर्टल में जरूरी कॉलम न बनाकरसरकार किसानों को धान बेचने के अपने अधिकार से वंचित कर रही है।उन्होंने कड़े शब्दों में कहा आज जिनके त्याग और बलिदान से देश आजाद हुआ, जिन सैनिकों की बदौलत देश की सीमाएं सुरक्षित हैं, उन्हीं परिवारों का धान सरकार खरीदने से बच रही है—यह अत्यंत शर्मनाक है।"20 दिसंबर से बड़ा आंदोलनअभिषेक मिश्रा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 15 दिसंबर 2025 तक सभी पट्टाधारी किसानों का रजिस्ट्रेशन,लंबित खाता दुरुस्ती,और एग्रो पोर्टल में आवश्यक कॉलम की व्यवस्थाभाजपा सरकार द्वारा नहीं की जाती है, तो किसान कांग्रेस 20 दिसंबर 2025 से सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन शुरू करेगी।उन्होंने कहाहम सभी किसानों का हक दिलाकर रहेंगे। सरकार चाहे जितना टालमटोल करे, किसान कांग्रेस किसानों की आवाज को बुलंद करती रहेगी।"सरकार से मांग हर किसान का धान खरीदा जाए,एग्रो पोर्टल में शासकीय पट्टों के लिए कॉलम तुरंत जोड़ा जाए,स्वतंत्रता सेनानी व सैनिक परिवारों के मामलों को प्राथमिकता से हल किया जाए,खाता दुरुस्ती की तिथि बढ़ाई जाए,कमियों को दूर करते हुए धान खरीदी प्रक्रिया को सुचारू किया जाए

### सभी उपार्जन केंद्रों में अब तक कुल 1,64,161 मीट्रिक टन की खरीदी

**महासमुंद।** राज्य सरकार के मंशानुरूप महासमुंद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य पूरी पारदर्शिता, सुरक्षा और सुचारूता के साथ निरंतर जारी है। आज धान खरीदी का 16वां दिन है। जिले के 182 धान उपार्जन केंद्रों में आज दिनांक तक कुल 1,64,161 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है तथा 05 दिसम्बर को 212.92 टन धान की खरीदी की जाएगी। इस प्रकार आज शाम तक कुल खरीदी 1,64,374 टन पहुंच जाएगी। किसान समर्थन मूल्य पर धान का उचित दाम मिलने से उत्साहित है तथा किसानों द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से टोकन कटवाकर शांतिपूर्वक अपनी उपज विक्रय के लिए ला रहे हैं।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन, सहकारिता, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिला स्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए स्वच्छता, बैठने की व्यवस्था, प्राथमिक उपचार, तौल उपकरणों की नियमित जांच सुनिश्चित की गई है। सभी उपार्जन केंद्रों में केंद्रीय मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से प्रतिदिन खरीदी का आंकड़ा ऑनलाइन दर्ज किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण तुलाई, उचित व्यवस्था तथा किसानों को सुचारू सेवा सुनिश्चित की जा रही है। समितियों में धान की गिरदावरी (फसल पंजीयन) मिलान एवं सत्यापन का कार्य भी जारी है, ताकि अवैध विक्रय पर रोक लग सके। निगरानी दलों को 24×7 सक्रिय रखा गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई किया जा सके। राइस मिलों को मिलिंग क्षमता के अनुसार धान उठाव, भंडारण और सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। भुगतान प्रक्रिया को तेजी से निपटाने के लिए बैंक व सहकारी समितियां समन्वय कर रही हैं। खरीदी केंद्रों से धान उठाव की प्रक्रिया भी प्रारम्भ हो चुकी है।

# ग्रामीण महिलाओं और किसानों को दिया गया मूल्य संवर्धन प्रशिक्षण



## महिलाओं की आय बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, फिंगेश्वर गरियाबंद के ग्राम्य कृषि कार्य अनुभव (रावे) कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं और किसानों को प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन तकनीकों की जानकारी देने हेतु एक विशेष प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में सहायक प्राध्यापक डॉ. ओमेश ठाकुर और डॉ. कुंतल साटकर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा ऑरेंज स्क्वैश और इमली कैंडी बनाने की संपूर्ण प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया एवं इनसे जुड़े मूल्य वर्धन के फायदों पर चर्चा की। ऑरेंज स्क्वैश के प्रदर्शन में संतरे के रस और चीनी सिरप के संतुलन,संरक्षक उपयोग तथा बोतलिंग तकनीक पर ध्यान केंद्रित किया गया।वहीं इमली कैंडी की तैयारी में गूदा निकालने,स्वादानुसार मसाले मिलाने, सुखाने एवं आकर्षक रूप से पैक करने के तरीके समझाए गए। कार्यक्रम मे उपस्थित डॉ.कुंतल साटकर ने बताया की फलों और सब्जियों की प्रोसेसिंग के माध्यम से किसान अपनी आय के नए स्त्रेत खोल सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया की प्रोसेसिंग के जरिए फलों और सब्जियों के औषधीय गुणों का वर्षभर उपयोग किया जा सकता है। डॉ. ओमेश ठाकुर ने बताया की इस तरह की गतिविधियां किसानों और ग्रामीण महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने में मदतगार साबित होंगी। विद्यार्थियों ने बताया की किस प्रकार घर की महिलायें फलों और सबजयों की प्रोसेसिंग कर अपने परिवार के लिए आय का एक अतिरिक्त माध्यम विकसित के सकती हैं।यह प्रदर्शन किसानों और ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभदायक साबित हुआ, जिससे उन्हे अपने कृषि उत्पादों के बेहतर उपयोग और मूल्य वर्धन की जानकारी मिली। किसानों एवं महिलाओं ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया और मूल्य संवर्धन तकनीकों में गहरी रुचि दिखाई।

**कार में चेंबर बनाकर तस्करी कर गांजा मंडला ले जाते धरे गए थे**

# चार गांजा तस्करों को 15-15 साल कैद, डेढ़-डेढ़ लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*एक वर्ष पूर्व पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में राधा स्वामी नगर की घटना*

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व 40 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार चार आरोपियों को कोर्ट ने 15-15 वर्ष कैद के साथ डेढ़-डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनावाई विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत की एनडीपीएस कोर्ट में हुई है। जिन लोगों को सजा सुनाई गई है, वे गांजा को तस्करी कर मध्यप्रदेश के मंडला ले जाने की फिराक में थे। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार संतोष साहू, नीरज ताम्रकार, ईतवारी नागरची तथा तुलेश्वर साहू को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई गई है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 30 सितंबर 2024 को राधास्वामी नगर के पास गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। मंडला निवासी नीरज ताम्रकार ने गांजा को मंडला ले जाने कार बुक की थी। पुलिस को चकमा देने आरोपी कार में एक विशेष चेंबर बनाकर गांजा छिपाकर ले जा रहे थे। चेंबर से गांजा की बदबू आने पर मुखबिर ने पुलिस को गांजा तस्करी होने की जानकारी दी, तब पुलिस ने तस्करों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

# नेशन प्राइड पब्लिक स्कूल छुरा में जल सेना दिवस का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा




नेशन प्राइड पब्लिक स्कूल छुरा में 4 दिसंबर को प्रार्थना सभा के दौरान जल सेना दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा करने वाली भारतीय नौसेना के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंगों से सराबोर हो गया। जल सेना दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने विशेष आकर्षण पैदा किया। उन्होंने आकर्षक नेवी वर्दी और सैनिक वेशभूषा धारण कर प्रार्थना सभा में भाग लिया। बच्चों की इस प्रस्तुति ने न सिर्फ सभी का ध्यान खींचा, बल्कि यह संदेश भी दिया कि देश की सुरक्षा का भाव किसी उम्र का मोहताज नहीं होता। बच्चों ने हाथों में तिरंगा और देशभक्ति के छोटे पोस्टर लेकर भारतीय नौसेना की वीरता, त्याग और अनुशासन का प्रतीकात्मक रूप से प्रदर्शन किया। विद्यालय की दैनिक प्रार्थना सभा, जिसमें न्यूज़ हेडलाइन, देशभक्ति गीत, पहाड़ा (गुणा-पहाड़ा), वर्णमाला, सुविचार और नैतिक शिक्षा प्रस्तुत की जाती है, आज देशभक्ति के रंग में रंग गई। इस विशेष दिवस पर देशभक्ति गीतों और नारों ने पूरे वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी बच्चों को नौसेना संबंधी रोचक तथ्य बताए और उन्हें प्रेरित किया। समापन में सभी ने देश की सुरक्षा में जुटे नौसेना के जवानों के प्रति धन्यवाद और गर्व व्यक्त किया।

# प्रवीण साहू बने नए जिलाध्यक्ष शांतिपूर्ण माहौल में हुआ मतदान

**छुईहा बेलर।** गरियाबंद स्थित साहू समाज भवन में शुक्रवार को समाज का बहुप्रतीक्षित चुनाव शांतिपूर्ण और पूरी तरह लोकतांत्रिक माहौल में सम्पन्न हुआ। इस बार अध्यक्ष, पुरुष उपाध्यक्ष, महिला उपाध्यक्ष और संगठन सचिव सहित सभी प्रमुख पदों पर एक से अधिक उम्मीदवार होने के कारण मतदान प्रक्रिया अपनाई गई। जिला अध्यक्ष पद पर प्रवीण साहू (बेलर) विजयी रहे। प्रवीण साहू वर्तमान में जिला पंचायत सचिव अध्यक्ष एवं प्रदेश युवा साहू संघ में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसी तरह देवराज साहू को जिला उपाध्यक्ष, पुष्पा साहू (बोरसी) पूर्व जनपद अध्यक्ष को महिला उपाध्यक्ष तथा ठाकुर राम साहू को संगठन सचिव के रूप में निर्वाचित किया गया। नव-निर्वाचित जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों से समाज को नई दिशा और बेहतर संगठनात्मक मजबूती मिलने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है।





**इस दौरान कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा**

# रायपुर मंडल में चलेगा ऑटोमेटिक सिग्नलिंग का कार्य, 10 पैसेंजर ट्रेन के थमेंगे पहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के निपनिया-भाटापारा स्टेशनों के मध्य ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कमीशनिंग के लिए नॉन इंटरकनेक्टिविटी का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। बता दें कि यह कार्य 6 से 7 दिसंबर को होगा, जिसे 10 पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया गया है, तो वहीं झारसुगुड़ा से चलने वाली



68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर में समाप्त करने का फैसला लिया है। यह गाड़ी बिलासपुर व गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। दोनों तरफ से यह गाड़ी प्रभावित रहेगी।

**रद्द होने वाली गाड़ियां**

- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 68733 गेवरा रोड -बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 7 व 8 दिसम्बर को गाडी संख्या 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 58205 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 7 व 8 दिसम्बर को गाडी संख्या 58206 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 6 व 7 दिसम्बर को गाडी संख्या 68746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 7 व 8 दिसम्बर को गाडी संख्या 68745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।

## पेज 11 का शेष

### मैनपुर का ...

मिलने के कारण मजबूरन में नेशनल हाईवे सड़क के किनारे दुकान लगाने मजबूर हो रहे हैं जिससे हमेशा दुर्घटना की अंदेशा बनी रहती है।

**साप्ताहिक बाजार में बिजली की व्यवस्था जरूरी-** मैनपुर साप्ताहिक बाजार के भीतर बिजली नहीं होने के कारण इसका फायदा शराबियों के द्वारा उठाए जा रहा है और शाम होती ही अंधेरे का फायदा उठाकर यहां शराबियों का जमघट लगा रहता है तथा शराब पीकर शराब के बोतलों को तोड़फोड़ कर बाजार के भीतर बिखरा देते हैं और तो और गंदगी और कचरा कर छोड़ देते हैं जबकि मैनपुर साप्ताहिक बाजार मैनपुर के हृदय स्थल नगर के बीचो-बीच बसा हुआ है बगल में मैनपुर थाना भी है शराबियों के द्वारा शाम होते ही अंधेरे का फायदा उठाकर बाजार की भीतर उत्पात मचाने की शिकायत शांति समिति की बैठक में नगरवासियों द्वारा किया गया था तो मैनपुर पुलिस द्वारा बाजार में गस्त कर कुछ शराबियों को पूर्व में पकड़ा गया था और उनके खिलाफ कार्यवाही की गई थी तो काफी हद तक सुधार हुआ था लेकिन अब फिर शराबियों का जमघट बाजार में देखने को मिल रहा है साथ ही बाजार के भीतर चारों तरफ स्ट्रीट लाइट लगाने की जरूरत है क्योंकि दूर दराज से आने वाले मुसाफिर और छोटे-छोटे कारोबारियों को भी कभी-कभी मजबूरन साप्ताहिक बाजार में रुक कर रात गुजारना पड़ता है लेकिन शराबियों के कारण हुए भी परेशान हो जाते है।

# हाइब्रीड की सब्जियां हैं बेस्वाद, रसोई से गायब हुई पारंपरिक खुशबू

## धनिया पत्ती में खुशबु नहीं, देशी मिर्च की जगह बुलेट मिर्च ने ले लिया स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ठंड के सीजन में स्थानीय बाड़ियो से तरह-तरह के सब्जियो की न केवल आवक होती है बल्कि स्वादिष्ट भी। परंतु पिछले कई वर्षो से देखने में आ रहा है कि सब्जियो में वह क्वालिटी नही है जो पहले रहा करती थी। मसलन धनिया पत्ती की बात करे तो सब्जी और चटनी में दिल खुश कर देने वाला खुशबु गायब है। वर्ना एक जमाना था जब सब्जी और चटनी में मिले धनिया पत्ती की खुशबु रसोई रूम से निकलकर दरवाजे तक महकती थी। ठीक इसी तरह देशी मिर्च भी गायब हो गई है। इसके बदले में बुलेट मिर्च का पर्दापण हो गया है जिसमें स्वाद तो रहता ही नही और दिखता है हुबहु देशी मिर्च जैसा। मिर्च भी अब चार प्रकार का हो गया है। बुलेट मिर्च, शिमला मिर्च, पतला मिर्च और मोटा और लंबा मिर्च जो मिर्ची भजिया बनाने का काम आता है। बात यदि देशी मुनगा की करे तो देखने में ही नही आता। अभी चार दिन पहले किसी गांव देहात से एक व्यक्ति बड़ा झोला में भरकर इंदिरा मार्केट के पास पहुंचा ही था कि लेने वाले झपट पड़े। मिनटो में ही उनका मुनगा हाथो हाथ बिक गया। जुरी भी 60 रूपए रखा था बावजूद लोग उसे खरीद लिए। देशी सब्जियो के टोटका पड़ने के कारण मजबूरी में ही सही लोग हाइब्रिड सब्जी को खरीदने के लिए विवश है। गोभी भी हाइब्रिड हो गया है। टमाटर और गंवारफल्ली भी तो तरह के आने लगे है एक देशी और दूसरा हाइब्रिड। भटा भी बैगनी रूप में हाइब्रिड रूप में पहुंच रहा है।

### ढेस का कोई हाइब्रिड नहीं

सिंघी और गोलंदा भटा की देशी आवक अभी बनी हुई है। ढेस का कोई हाइब्रिड नही निकला है इसलिए लोग ढेस को ज्यादा पसंद करते है। इसी तरह अब बारहो माह कटहल भी मिलने लगा है। मुली,चेच भाजी, लाल भाजी, करमत्ता भाजी, कांदा भाजी, पालक भाजी, पत्ता गोभी, कुंदरू तो सदाबहार हो गया है। बारहो माह मिल रहा है। सफेद भटा और बरमस्सी करेला की डिमांड बाजार में बहुत ज्यादा है जो कभी-कभी मिलता है। बता दें कि सब्जियो का स्वाद ठंड के सीजन में ही सुहाता है।



### राहर दाल भी कई वेरायटी में आ रही

टमाटर के जिस चटनी का स्वाद हरी धनिया पत्ती के साथ सिलबट्टे में पीसा हुआ आनंद अब नहीं मिलता। इसका स्थान मिक्सर ने ले लिया है। ठीक इसी तरह राहर दाल भी कई वेरायटी में आ रहा है। अधिकतर दाल स्वादविहीन है। सुगंधित चांवल दुबराज, जवांफुल, तुलसी भी अब बहुत कम ही मिलने लगा है। ये सारे खाद्य पदार्थ दवाई और मशीनरी खातु के चलते बेस्वाद हो गए है। गोबर और देशी खाद में उपजने वाली सब्जियो की डिमांड होने लगी है। सब्जी उत्पादको को एक बार फिर से इसमें लौटने होंगे।

## दहशत : हाथी फिर पहुंचा मैनपुर के नजदीक

# हाथियों ने गोपालपुर-कोदोभाठ क्षेत्र में धान की खरही को पहुंचाया नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ ग्रामों में एनएच को पारकर गोपालपुर के तरफ बढ़ा

तहसील मुख्यालय मैनपुर के नजदीक एक बार फिर जंगली हाथी ने दस्तक दी है, जिससे आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पिछले तीन दिनों से एक हाथी मैनपुर से महज 4-5 किलोमीटर दूर गोपालपुर, साल्हेभाठ, कोदोभाठ, भटगांव और गोबरा के जंगलों के आसपास विचरण कर रहा है और लगातार किसानों के खलिहानों में रखे धान की खरही (पुआल/इकट्ठे धान) को नुकसान पहुँचा रहा है। आज सुबह करीब 8 बजे, यह हाथी नेशनल हाईवे 130 सी को पार कर कोदोभाठ की तरफ पहुँचा। यहाँ पहुँचकर इसने कई किसानों के धान की फसलों को नुकसान पहुँचाया है। प्रभावित किसानों में तिरपन जगत, बुधिया बाई और हेमलाल जगत सहित कई किसान शामिल हैं। बीते डेढ़ माह बाद जंगली हाथी का मैनपुर के नजदीक के ग्रामों में फिर से दस्तक देना ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बन गया है। यह हाथी दल से बिछड़कर लगातार जिड़ार, जाड़ापदर, चलकीपारा, सिंहार, छिन्दौला, फरसरा, धवलपुर और तुपेंगा के आसपास विचरण करने के बाद नगरी जंगल की तरफ निकल गया था। वन विभाग की टीम और हाथी मित्र दल लगातार हाथी की हर गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं। शाम होते ही यह हाथी गांव के भीतर भी घुस रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत है।




### गतिविधि पर नजर रखी जा रही

इस संबंध में वन विभाग के कर्मचारी अघन सोरी ने बताया कि हाथी के आने की जानकारी मिलते ही वन विभाग द्वारा लगातार मुनादी कराकर गांव के लोगों को अलर्ट किया जा रहा है। ग्रामीणों से अकेले जंगल की तरफ नहीं जाने की अपील की जा रही है। हाथी के हर गतिविधि पर बारीकी से नजर रखी जा रही है।

## उदंती रिजर्व में 35 और चितल हिरण छोड़े गए, बाघों के लिए बढ़ेगी प्राकृतिक शिकार की उपलब्धता

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में वन विभाग द्वारा लगातार वन्यप्राणियो के संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष कार्य किया जा रहा है दो दिन पहले फिर उदंती में बड़ी संख्या में चितल हिरण लाकर छोड़ा गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिनों बाघ की मौजूदगी के बाद वन विभाग उनकी सुरक्षा को लेकर पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहे हैं। वहीं वन विभाग ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है यहां बाघ और अन्य मांसाहारी जीवों के लिए प्राकृतिक शिकार की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी से पूर्व में लगभग तीन दर्जन हिरणों को कल छोड़ा गया। और दो दिन पूर्व 35 की संख्या में हिरण चितल सांभर छोड़े जाने की जानकारी मिली है। इस संबंध में वन विभाग के अफसर ने बताया कि 35 चितल उदंती अभ्यारण्य में लाये गये है। सभी हिरणों का स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सकीय जांच की गई इसके बाद विशेष निगरानी और सुरक्षा के बीच उन्हें जंगल में छोड़ा गया, हिरण शाकाहारी प्रजाति होने के साथ-साथ बाघ और तेंदुए जैसे शिकारी जीवों के लिए प्राकृतिक भोजन का अहम हिस्सा हैं, इनकी उपस्थिति से टाइगर रिजर्व में संतुलित आहार श्रृंखला बनेगी और शिकारी जीव जंगल के भीतर ही सक्रिय रहेंगे, जंगल हिरणों को छोड़े जाने के समय आसपास के ग्रामीण भी मौजूद रहे।





# कोलर में अवैध शराब बिक्री, स्कूल में ताला लगाकर पढ़ाई बंद करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनपुर विकासखंड के ग्राम कोलर में अवैध शराब बिक्री और शराबियों के आतंक से परेशान होकर सैकड़ों स्कूली बच्चों ने आज नशा मुक्ति अभियान और जनजागरण रैली निकाली। बच्चों ने गांव में फैली अवैध शराब बिक्री और शराबियों के अभद्र व्यवहार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। रैली में शामिल बच्चों ने अपनी गंभीर परेशानी बताते हुए कहा कि गांव में शराबियों का जमावड़ा इतना बढ़ गया है कि स्कूल आने-जाने में असुरक्षा महसूस होती है। बच्चों ने चेतावनी देते हुए कहा, अगर ऐसी स्थिति बनी रही तो हमें स्कूल में ताला लगाकर पढ़ाई छोडऩी पड़ेगी। बच्चों ने आरोप लगाया कि रास्ते में शराबियों द्वारा अपशब्द और अश्लील टिप्पणियां की जाती हैं। बच्चों ने यह भी कहा कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री से मिलने जाएंगे।



**स्कूल और आंगनबाड़ी के बीच डेरा-** ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कोलर की शासकीय नवीन प्राथमिक शाला और आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-3 के बीच ही अक्सर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। दोपहिया वाहनों में शराब लाकर यहाँ खुलेआम बिक्री की जाती है, जिससे आसपास का माहौल भय और असुरक्षा से भर गया है। गांव के उप सरपंच प्रकाश साहू और जनपद पंचायत प्रतिनिधि महेश साहू ने बताया कि अवैध शराब बिक्री का मुद्दा बच्चों ने स्वयं उठाया है, जो गांव की बिगड़ती हालत की गंभीर तस्वीर दर्शाता है। उन्होंने बताया कि करीब दो महीने पहले अभनपुर थाना प्रभारी को अवगत कराया गया था, जिसके बाद कुछ कार्रवाई हुई भी थी, लेकिन परिस्थिति में कोई खास सुधार नहीं दिखा है।

**टीआई ने सख्त कार्रवाई का दिया आश्वासन-** बच्चों में भय का माहौल और माता-पिता की चिंता को देखते हुए, थाना प्रभारी (टीआई) सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि अवैध शराब बेचने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# नेहरू घाट पर सफाई अभियान, अगहन पर्व की सामग्री और अपशिष्ट हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नगर पालिका परिषद नवापारा के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू एवं सीएमओ लवकेश पैकरा के मार्गदर्शन एवं सफाई सभापति सहदेव कंसारी, वार्ड पार्षद नम्मू नारायण ध्रुव की मौजूदगी में नगर के नेहरू घाट व नेहरू गार्डन के पीछे विशेष रूप से सफाई अभियान चलाया गया। पूरे अगहन माह भर चलने वाले अगहन बृहस्पत पर्व के हवन पूजन सामग्री सहित अन्य अपशिष्ट पदार्थों एवं जलीय पौधों को जेसीबी के माध्यम से बाहर निकाला गया। घाट की विशेष रुप से साफ सफाई की गई। नदी में प्रतिदिन स्नान करने वाले लोगों की शिकायत थी कि नदी में पिंडदान व अन्य कर्मकांड करने वाले लोग मृतकों के कपड़े, व पिंडडान के अवशेष नदी में ही विसर्जित कर रहे हैं। जिससे नदी प्रदूषित हो रही है नगर पालिका ने इस बात का संज्ञान लेते हुए नदी तट की सफाई की। महानदी घाट की साफ-सफाई होने से नदी तट साफ सुथरा नजर आ रहा है। इस सफाई अभियान में पालिका के सफाई दरोगा, स्वच्छता कर्मियों का शानदार योगदान रहा।



पूजा व रात्रि जागरण कर मड़ई मेला का शुभारंभ किया

# मड़ई-मेला में देवी-देवताओं से आशीर्वाद लेने उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम पिपराही में प्रतिवर्ष की भांति इस भी जय सिद्ध बाबा सेवा समिति भरूवामुडा, बोरियाझर में गुरुवार के दिन मड़ई मेला का आयोजन किया गया। एक दिन पूर्व शाम को देवी-देवताओं की पूजा अर्चना व रात्रि जागरण कर मड़ई मेला का शुभारंभ किया गया। गुरुवार को सुबह से मड़ई स्थल में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। दोपहर को देवी देवताओं की विशेष पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रा निकाल डांग डोली देवी देवताओं ने मड़ई बिहाई कर लोगों को आशीर्वाद दिया व क्षेत्र की सुख शांति के लिए देवी देवताओं से कामना की गई।मड़ई पर लोगों ने देवी-देवताओं को फूल माला पहनाकर आशीर्वाद मांगा तो मड़ई में लोगों की भीड़ रात होने तक लगी रही।विभिन्ना मिठाई दुकान,कपड़ा दुकानों, खिलौने की कई दुकानों के साथ साथ अन्य दुकानें लोगों की खरीदारी का कारण बनी।गाजे बाजे के साथ मड़ई भांठा का भ्रमणकर मड़ई बिहाई गई व देवी देवता देर रात तक अपने-अपने स्थान को रवाना हुए। जिन्हें पान सुपारी भेंटकर विदाई दी गई। ग्राम नहानबिरी में मड़ई मेले के आयोजन को लेकर ग्रामीण अंचल के लोगों में हर्ष देखा गया।मड़ई में आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। ग्रामवासियों के द्वारा रात्रिकालीन नाचा का भी आयोजन किया गया।मड़ई मेला में शामिल होने पहुंचे छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के गरियाबंद जिला सचिव शीतल ध्रुव,उपसरपंच संघ अध्यक्ष रूपनाथ बंजारे, पुनितराम ठाकुर सामाजिक कार्यकर्ता, सरपंच बल्लर सिंग मरकाम, उपसरपंच कृष्ण पटेल, भगत महेंद्र सिंह ठाकुर, मदन गोपाल ध्रुव, संतन ठाकुर का ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान शीतल ध्रुव ने कहा कि आज हमारे गांव के मड़ई मेला में दूर-दूर से आए प्रमुख देवी-देवताओं द्वारा लोगों को आशीर्वाद दिया गया है। इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीण परिवेश सांस्कृतिक वातावरण लोगों को आदिवासी क्षेत्रों के रीति रिवाजों से अवगत कराता है। इस मौके पर लक्ष्मी नारायण पटेल सूधेराम आर एस टाण्डे, ठाकुर, आंनद राम नायक, दुलार सिंह मरकाम, चैनसिंग मांझी, चमरू मरकाम, भागवत सिंग नायक सहित आसपास के ग्रामीण जन भारी जनसंख्या में उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### मृदा दिवस पर मरौदा में प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**गरियाबंद।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के निर्देशानुसार कृषि विज्ञान केन्द्र गरियाबंद के संस्था प्रमुख डॉ मनीष चौरसिया के मार्गदर्शन में मृदा वैज्ञानिक मनीष कुमार आर्य एवं वैज्ञानिक प्रवीन कुमार जामरे के द्वारा विश्व मृदा दिवस के अवसर पर 5 दिसम्बर को स्वस्थ मृदा, स्वस्थ शहर थीम पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरुकता कार्यक्रम ग्राम मरौदा में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम पटेल श्री बालकुमार प्रगतिशील कृषक नवल किशोर, केशव, ओमप्रकाश, जगदीश, महिला समूह के सदस्य और विद्यार्थियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मृदा वैज्ञानिक मनीष कुमार आर्य ने बताया की विश्व मृदा दिवस मनाने का विचार अंतर्राष्ट्रीय मृदा विज्ञान संघ द्वारा 2002 में प्रस्तावित किया गया एवं 2013 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 5 दिसंबर को आधिकारिक रूप से विश्व मृदा दिवस घोषित किया। इसे प्रति वर्ष 5 दिसंबर को विश्व मृदा दिवस का आयोजन मृदा स्वस्थ के महत्व को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। डॉ. आर्य ने बताया की मृदा को बनने में सैकड़ो वर्ष का समय लगता है मृदा परीक्षण एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है। जिसके माध्यम से खेत की मिट्टी का नमूना लेकर उसका प्रयोगशाला में विश्लेषण किया जाता है। इसमें मिट्टी में उपलब्ध मुख्य नाइट्रोजन, पोटाश, कैल्सियम एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों की मात्रा,जैविक कार्बन, मिट्टी की बनावट आदि का पता लगाया जाता है। साथ ही मृदा परीक्षण एवं मृदा परीक्षण के महत्व के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।

### बरभांठा फ्लैग स्टोन क्वारी परियोजना के लिए 9 जनवरी को लोक जन सुनवाई

**गरियाबंद।** भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधिसूचना के प्रावधान अनुसार अतिरिक्त जिलादण्डाधिकारी की अध्यक्षता में लोक जन सुनवाई 09 जनवरी 2026 को दोपहर 12:00 बजे से राजिम तहसील के ग्राम पंचायत बरभांठा में किया जाएगा।

## निधन

### आस बाई

**गरियाबंद।** नगर के वार्ड क्रमांक 1 की निवासी आस बाई, पति भरत लाल साहू का निधन हो गया। वे 63 वर्ष की थीं। वे, पत्रकार एवं भाजपा नेता विजय साहू की माता थीं। शुक्रवार दोपहर स्थानीय मुक्तिधाम गरियाबंद में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



### कुमारी बाई पटेल

**अभनपुर।** ग्राम तूता (नवारायपुर) निवासी कुमारी बाई पटेल उम्र 60 वर्ष का निधन 5 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे संतराम पटेल की पत्नी व भरत पटेल व शत्रुहन पटेल की माता थी।



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ........... अ / 2 2025-2026
ग्राम नहानबिरी, तहसील मैनपुर,
जिला गरियाबंद (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक कुमार चतुर्वेदी पिता श्री हरिशंकर चतुर्वेदी, जाति सतनामी, निवासी नहानबिरी, तहसील मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम नहानबिरी, प.ह.नं. 03 तहसील मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नंबर 18/8 रकबा 0.02 हे. भूमि को छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 1959 की धारा 172 के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन निर्धारण कराने बाबत नक्शा खसरा बी-1 एवं अन्य दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक (अधिवक्ता) के माध्यम से ईश्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिवस के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति कर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा)
मैनपुर

भावपूर्ण श्रद्धांजलि



स्व.श्रीमती शिवबती निषाद

"माँ की याद"

ओरआज शुभाशीष की छत टूटकर बिखर गई है, पर माँ की दी हुई सीख दिल में ही ठहर गई है।
जिंदगी की राहों पर चलते रहेंगे हम, माँ तेरी यादों का दीपक जलते रहेंगे हम।।

गहरी शोक-संतप्त ह्रदय से सूचित किया जाता है कि मेरी प्यारी माता श्रीमती शिवबती निषाद का स्वर्गारोहण दिनांक 30-11-2025, रविवार को हो गई है। उनके निधन से परिवार एक स्नेहमयी, सरल ह्रदय व त्याग की प्रतिमूर्ति को खो बैठा है। ईश्वर दिव्य आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर हमें अनुग्रहित करें।

आपको सादर सूचना

कार्यक्रम अंतिम संस्कार

दशगात्र - दिनांक 06-12-2025 शनिवार
श्रद्धांजलि भजन - 10 बजे से शुभारंभ
तालाब कार्यक्रम - 12 बजे से
स्थान - ग्राम बिजली (फिंगेश्वर) जिला-गरियाबंद

शोकाकुल परिवार:-
घुरूवा, दाऊलाल, भैयाराम, मोहन, छबि खेलावन, गणेशु, चेतन, हुलस, यादराम यशवंत, खिलेश, शिव, परदेशी, रूपेश सूरज एवं समस्त निषाद परिवार।

विनीत:-
मन्नुराम निषाद (पुत्र)
मोती राम निषाद (पुत्र)
पूर्व सरपंच - ग्राम पंचायत बिजली
अध्यक्ष-जिला निषाद समाज गरियाबंद
श्रीमती पद्मा निषाद
सरपंच- बिजली, ग्राम-बिजली (फिंगेश्वर) जिला-गरियाबंद
मो.: 8319708035

टीप- जिस किसी सज्जन को सूचना नहीं मिला हो कृपया इसे सूचना समझ कर शामिल हो।

## खबर संक्षेप



### सीएमओ को कांग्रेस नेताओं ने सौंपा ज्ञापन

**नवापारा-राजिम।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पालिका के नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, रामा यादव, पार्षद अजय साहू, रामरतन निषाद, हेमंत साहनी, तरूण कंसारी, सौरभ सोनी, मितेश शाह, राकेश सोनकर, भारत गिरी गोस्वामी, अनुप खरे, गोल्डी पारख ने शुक्रवार को पालिका पहुंचकर सीएमओ लवकेश पैकरा को एक ज्ञापन दिया है। विज्ञप्ति में इन कांग्रेस नेताओं ने हस्ताक्षर कर लिखा है कि तर्री रोड स्थित 11 दुकाने का निर्माण अवैध रूप में किया गया है। इसे स्वतंत्र नीलामी के माध्यम से जिसमें अनुसूचित जाति, जनजाति, दिव्यांग एवं अन्य आरक्षण सरकारी नियमों के आधार पर उक्त दुकानों को आबंटित किया जाए।

### पीएम आवास निर्माण में छत्तीसगढ़ देश में प्रथम स्थान पर : सचदेव

**मैनपुर।** केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार एवं राज्य के विष्णुदेव सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास का क्षेत्र के साथ पूरे प्रदेश के लोगों को बेहतर लाभ मिल रहा है लोगों को पक्का मकान



बनाने का सपना भापजा सरकार ने पूरा किया है। इस योजना की जितनी भी तारीफ किया जाये कम है। उक्त बाते भाजपा मंडल मैनपुर महामंत्री दिनेश सचदेव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। श्री सचदेव ने कहा प्रदेश के हर गरीब के सिर पर पक्की छत का जो संकल्प भाजपा ने विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी में व्यक्त किया था वह गारंटी पूरी करके प्रदेश सरकार ने विश्वास अर्जित किया है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के दूसरे ही दिन केबिनेट की बैठक आयोजित कर मोदी की गारंटी के अनुरूप 18 लाख 12 हजार 743 जरूरतमंद परिवारो को प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया जा रहा है प्रदेश में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रे में योजना शुरू होने से अब तक 26 लाख से अधिक पीएम आवास मंजूर किये गये है। श्री सचदेव ने कहा प्रधानमंत्री आवास निर्माण में छत्तीसगढ़ देश में प्रथम स्थान पर है।

### डिगेपुर में राज गौर महोत्सव व मड़ई मेला

**नर्रा।** जिले के पिथौरा क्षेत्र के ग्राम डिगेपुर में एक दिवसीय राज गौरा महोत्सव व मड़ई मेला का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण व दर्शकों ने ईशर गौरा की पूजा अर्चना कर मड़ई मेले का आनंद लिया। वहीं रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए रंजीत चक्रधारी कृत कका भतीजा नाचा गम्मत सराईपाली कोमाखान द्वारा प्रस्तुति दी गई। उत्कृष्ट कला प्रदर्शन पर आयोजककर्ताओं द्वारा कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर श्याम लाल ठाकुर, हुमन सिंह ठाकुर, पुष कुमार, गजानंद साहू, परदेशी दास, ओंकार सिंह, पदमनु दास, शीतल, लेखराज समेत ग्राम के लोग उपस्थित रहे।

**महोत्सव :** प्राकट्य महोत्सव में प्रदेश भर से गोस्वामी समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए

# भगवान श्री दत्तात्रेय पूरे विश्व के हैं गुरु : विधायक रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज के तत्वावधान में भगवान श्री दत्तात्रेय के प्राकट्य महोत्सव पर प्रांतीय महासम्मेलन में प्रदेश भर से गोस्वामी समाज के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित होकर अपनी एकजुटता का परिचय दिया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने इस अवसर पर कहा कि गोस्वामी समाज के लोग सभी समाज के गुरु हैं, और इनके महागुरु भगवान श्री दत्तात्रेय है। कोई भी समाज हो उत्सव में समाज के सभी लोगों को एकत्रित करने का अवसर मिलता है। एकजुटता से ही उस समाज की ताकत बढ़ती है। भगवान श्री दत्तात्रेय पूरे विश्व के गुरु हैं। कहा कि चाहे वह सरकारी नौकरी वाले हो,या प्राइवेट हो, समाज के महाउत्सवों में उपस्थिति देकर समय प्रदान करना चाहिए। हमारी पहचान समाज से है। सनातन धर्म को जगाने का काम गोस्वामी समाज ने किया है। विधायक श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक का विजन लेकर चल रहे हैं। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए।



#### ये रहे उपस्थित


कार्यक्रम में उमेश गिरी, प्रशांत गिरी, पोखराज बन, श्याम गिरी, संजय पुरी, अखिलेश पुरी, कामेश्वर पुरी, भरद्वाज गिरी, पप्पू जनार्दन, भुपेंद्र पुरी, लवकिशन, हरीश, कमलेश पुरी, खुमान पुरी, नरेंद्र गिरी, छबिलाल पुरी, उमेश गिरी, विकास, संजय, परमात्मा पुरी, भरत गिरी, लक्ष्मण गिरी, किशुन, गिरेंद्र पुरी, नारायण पुरी, याज्ञवल्क्य पुरी, कौशल, उषा किरण, रोशनी गोस्वामी, संजीव साहू, अजय पटेल, बलराम यादव, संगीता, सरोज,मंजू, सहित प्रदेश भर से सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में मौजूद थे।

#### भगवान श्री दत्तात्रेय ने 24 गुरु बनाए : चंदूलाल

प्रमुख अतिथि के रूप में मौजूद छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि भगवान श्री दत्तात्रेय ने 24 गुरु बनाए हैं। जिनसे भी ज्ञान मिला,उसे अंगीकार किए। उन्होंने ज्ञान अर्जित करने छोटा,बड़ा, उंचा नीच नहीं देखे। जिनके पास गुरु नहीं है, भगवान श्री दत्तात्रेय को अपना गुरु मानना चाहिए।कहा कि भारत सोने की चिड़िया के साथ साथ विश्व गुरु भी थे। भारत सोने की चिड़िया थी, लेकिन अंग्रेजों ने लूट लिया। हम सभी को हिंदुत्व की रक्षा करना जरुरी है। प्रधानमंत्री मोदी जी कहते है, पद सेवा करने का माध्यम है। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा और अलख जगाने का काम गोस्वामी समाज करते आ रहे है। भारत को स्वतंत्रता दिलाने में दशनाम गोस्वामी समाज का बड़ा योगदान है। जरुरत है आप लोगों के प्रेरणा की। हिंदु समाज आप लोगों के कंधों पर टीका हुआ है। प्रांतीय अध्यक्ष काशीपुरी कुंदन ने कहा कि पूर्व सांसद चंदुलाल साहू ने सामाजिक भवन हेतु अपने संसदीय कार्यकाल में राजिम में 3 लाख रुपए दिए हैं। जो बनकर तैयार है। राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने ग्राम नागझर में भवन हेतु 5 लाख रुपए दिए। वह भी बनकर तैयार है। विधायक रोहित साहू ने ग्राम घटकर्रा में भवन के लिये 6 लाख रुपए दिए हैं जो निर्माणाधीन है। मंच में जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक ,नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर ,रमन गिरी, ओंकार पुरी, उमेश भारती, अशोक गिरी,सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, पूर्व सरपंच नेहरू साहू मौजूद थे। संचालन वीरेंद्र रमन गिरी एवं आभार संयोजक रामकुमार गोस्वामी ने किया। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व सुबह 11 बजे भव्य शोभायात्रा बैंड बाजा के साथ आतिशबाजी करते हुए निकालकर नगर भ्रमण किया गया। सभी लोग भगवा झंडा लिए भगवान श्री दत्तात्रेय का जयकारा लगाते हुए चले।

## रसेला में भागसिग ठाकुर ने बिना लाइन लगाए बेचा धान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला



तकनीक और पारदर्शी प्रशासन का प्रभाव जब जमीन पर दिखता है, तब उससे सबसे अधिक लाभ आमजन को मिलता है। पड्रीपानी गोंड के किसान भागसिग पिता मकरन ठाकुर इसका सशत्त उदाहरण है। परंपरागत रुप से किसानों को धान विक्रय के समय लंबी लाइनों में लगना पड़ता था,कई बार असुविधाओं और समय की बर्बादी का सामना करना पड़ता था। परंतु इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा लागू टोकन तुहर हाथ मोबाइल ऐप ने उनकी पूरी प्रक्रिया बदल दी। ठाकुर ने घर बैठे ही कुछ ही मिनटों में आनलाइन टोकन प्राप्त किया,न कोई भीड़ न कोई प्रतीक्षा सिर्फ मोबाइल पर क्लिक और प्रक्रिया पूरी। वे खुशी जताते हुए बताते हैं कि व्यवस्था पूरी तरह सरल पारदर्शी और सुविधाजनक है। टोकन भी आसानी से कट गया और धान बेचने में बिल्कुल भी दिक्कत नहीं आई। इस बार उन्होंने उपार्जन केन्द्र रसेला में पहली टोकन के तहत 46 क्विंटल धान खरीदी केंद्र में विक्रय किया। वे बताते हैं कि प्राप्त राशि का उपयोग वे घर गृहस्थी और खेती किसानी की उन्नति में करते हैं। सरकार की ओर से तकनीक आधारित समाधान का उद्देश्य किसानों को समय, ऊर्जा और संसाधनों की बचत कराना है। ऐप के माध्यम से टोकन प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है। किसान स्वयं अपनी सुविधा अनुसार तारीख और समय चुन सकते हैं, जिससे अनावश्यक भीड़ और भ्रम की स्थिति समाप्त हो गई है। सरकारी नवाचारों की इस सफलता की कहानी बताती है कि सही दिशा में उठाया गया एक कदम, किसान की पूरी व्यवस्था को सहज, सुरक्षित और सुगम बना सकता है। रसेला धान उपार्जन केन्द्र में 17 दिनों के 257 किसानों से कुल धान खरीदी 14580.80 क्विंटल की खरीदी की गई है, जिसका कुल राशि 3 करोड़ 46 लाख 9 हजार 9 सौ रूपए है। किसानों से समिति द्वारा ऋण वसूली 61 लाख 29 हजार पांच सौ सत्तर रुपए किया गया है यहां जानकारी प्रभारी प्रबंधक पंकज कुमार यादव ने दी।



## नेवी विंग एनसीसी कैडेटों ने मनाया नौसेना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

नौसेना विंग एनसीसी कैडेटों द्वारा एक केंद्रित और उत्साही उत्सव के साथ 54वां नौसेना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व एसोसिएट एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. पूनम सिंह ने किया। जिन्होंने कैडेटों को भारतीय नौसेना के साहस और अनुशासन से सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में 40 एसडब्ल्यू कैडेट शामिल शामिल हुए। कैडेट्स के द्वारा पोस्टर, रंगोली तथा नौसेना अल्फा से जुलु समारोह ध्वज बनाया गया। कॉलेज के



प्रोफेसर डॉ. भारती साहू, डॉ. एंड्रिया कोल्ला, डॉ. सुषमा शर्मा, दीप्ति गोस्वामी कार्यक्रम में शामिल हुए और पूरे वर्ष कैडेटों के समर्पण के लिए उनकी सराहना की। सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट द्वारा बनाए आईएनएस विक्रांत नौसेना जहाज के मॉडल की सभी ने सराहना की। सीनियर कैडेट कैप्टन अनुपमा साहू ने बताया कि नेवी विंग भारतीय सशस्त्र बलों का राष्ट्रीय कैडेट को एनसीसी की समुद्री शाखा है। जो कैडेटों को नौ- सैनिक प्रशिक्षण देती है या फिर किसी देश की नौसेना में एक परिचालन इकाई हो सकती है एनसीसी नौसेना विंग छात्रों में अनुशासन नेतृत्व और नौसैनिक कौशल विकसित करता है। नौसेना की परिचालन इकाई के संदर्भ में यह विमानवाहक या जहाज-आधारित स्क्वाड्रन को संदर्भित करता है।

## खिसोरा में सात दिवसीय रासेयो शिविर में 35 छात्राओं एवं 20 छात्रों के दल ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बुड़ेनी के छात्र-छात्राओं द्वारा खिसोरा में सात दिवसीय शिविर लगाया गया। इस दौरान छात्रों को ग्राम स्वच्छता, पशु चिकित्सा, आत्म सुरक्षा, योगशिक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शास उच्च माध्यमिक शाला के राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक राजू साहू एवं कार्यक्रम अधिकारी चंद्रशेखर निषाद ने बताया कि शाला के 35 छात्राओं एवं 20 छात्रों के दल ने हिस्सा लिया तथा प्रशिक्षण, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक कार्यक्रम हुए। शिविर के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित भाजपा नेत्री एवं पृथ्वी फाउंडेशन की अध्यक्ष योगिता सिन्हा ने नशा मुक्ति एवं सशक्त भारत विषय पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा नाश का कारण है। युवाओं में नशे की लत चिंता का विषय है। युवा कल के भविष्य है। विकसित राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की विशेष हिस्सेदारी है। आज के युवा कल के नए भारत के राष्ट्रनिर्माता बनेंगे। इसलिए युवाओं को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए युवाओं को विभिन्न कौशल में दक्ष होने की आवश्यकता है। बौद्धिक संगोष्ठी में वरिष्ठ समाजसेवी सोनल महाड़िक ने कहा कि युवा राष्ट्र की शक्ति है। युवाओं के दक्षता एवं कौशल के बदौलत सशक्त भारत एवं विकसित भारत का सपना साकार होगा। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद हर्षा कंसारी ने भी अपना विचार रखा।



#### आत्मनिर्भरता से प्रशस्त होगा विकसित भारत की राह : भूपेंद्र सोनी

शिविर में विशेष रूप से मौजूद नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने छात्र-छात्राओं को विकसित भारत का रोड मैप से अवगत कराया। युवाओं से आह्वान किया कि आत्मनिर्भरता ही विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करेगा। युवाओं को शिक्षा के साथ कौशल शिक्षा एवं नैतिकता का ज्ञान आवश्यक है। भारत संस्कृति और सभ्यता के जननी की भूमि है। भारत राम और कृष्ण की धरा है। हमें उनके आदर्शों का अनुसरण करके राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना होगा।

## आधुनिकता के दौर में भी कायम है 'रहचूली' झूले का जादू, मड़ई मेलों में बन रहा आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

आधुनिकता के इस दौर में भले ही हम कितने भी आगे चले जाये लेकिन छत्तीसगढ़ के पारम्परिक झुला रहचूली के प्रति लोगों का आकर्षण अभी भी देखने को मिलता है, हांलाकि अब यह रहचूली झुला सिर्फ क्षेत्र के मडाई मेला में ही दिखाई देता है, धान कटाई के साथ इन दिनों मे मडाई मेला का दौर चालू हो गया है और मडाई मेला में रहचूली झुला पहुच रहे है, रहचूली झुला से निकले वाले एक चर, चर की आवाज लोगो को अपनी ओर



आकर्शित कर रहा है और इसमें झुलने का आंनद लेने के लिए लोगो की लंबी कतार यह बताने के लिए काफी है कि छत्तीसगढ की इस पारम्परिक झुला के प्रति लोगो का आकर्शण आज भी कम नही हुआ है, पुरे मडाई मेला में सबसे ज्यादा भीड रहचूली झुला के पास ही दिखाई दे रही है। रहचुली हस्तचलित झूला है, मजबूत लकड़ी से यह झूला बनता है, इसमें आमतौर पर बैठने के लिए चार मचान बनता है, एक मचान में चार लोग बैठ सकते हैं, इस प्रकार झूला में 16 लोगों के बैठने की व्यवस्था रहती



है,इसे दो लोग धकेलकर झूलाते हैं। गांव में यह झूला अपनी आवाज से लोगों को आकर्षित करता है, झूला झूलकर लोगों को बहुत आनंद मिलता है, मनमोहन ठाकुर, प्रमिला बाई, यशोदा, रबेतिन ने बताया कि रहचुली झूले के संचालन में चार लोग लगते हैं, उन्होंने यह भी बताया कि रुपये का तेजी से अवमूल्यन हुआ है, महंगाई बढ़ी है, लेकिन झूला के दाम अब भी पुराना है,पांच से दस रुपये प्रति सीट के अनुसार ही चार्ज लिया जाता है।

## नपा अध्यक्ष ने आश्रय स्थल में बाटे स्वेटर एवं गर्म कपड़े



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

शहर में शासन द्वारा संचालित आश्रयस्थल में नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने बुजुर्गों को स्वेटर एवं गर्म कपड़े वितरण किया। अंचल में पड़ रही ठंड के मद्देनजर नगर पालिका अध्यक्ष ने बुजुर्गों का हाल चाल एवं स्वास्थगत जानकारी के लिए आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। जहां पाया कि बुजुर्गों के पास गर्म कपड़े नहीं है जो है वह इतनी ठंडी में बेअसर है। तब नपा अध्यक्ष ने आश्रय स्थल के बुजुर्गों के लिए तत्काल स्वेटर एवं गर्म कपड़े मंगवाकर वितरण किया। बता दे कि नवापारा अंचल में ठंड जोरो की पड़ रही है। लोग ठंड से बचने के लिए स्वेटर एवं रात में अलाव का सहारा ले रहे है।

**मैनपुर में विश्व मृदा दिवस पर विशेष कार्यक्रम हुआ**

# गोपालपुर में किसानों ने मिट्टी के संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

मैनपुर ब्लाक के 20 गांवो में एचडीएफसी बैंक द्वारा वित्तपोषित कार्यक्रम "समग्र ग्रामीण विकास परियोजना" "परिवर्तन" कार्यकम का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसकी कार्यकारी संस्था ।थ्व्त्व अफरो है उपरोक्त कार्यक्रम के माध्यम से 20 गांवो में कार्य किया जा रहा हैं, 5 दिसम्बर को ग्राम पंचायत गोपालपुर में विश्व मृदा दिवस के अवसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच गौरी दीवान, उप सरपंच परेश्वर, बिहान आजीविका योजना के एरिया कोऑर्डिनेटर विजय रात्रे साथ ही उनकी टीम से ग्राम संगठन अध्यक्ष श्रीमती रेखा नेगी और बिहान के कैडर और, साथ अफरो टीम से प्रोजेक्ट मैनेजर अविनाश सोनी, कृषि विशेषज्ञ विकाश साहू, सिविल इंजिनियर त्रिनाथ दास और सामाजिक कार्यकर्त्ता किरण चक्रधर, कृपाल दास, सीआरपी टीम उपस्थित थे और गोपालपुर पंचायत के किसान उपस्थित थे जिसमे मृदा के महत्व और संरक्षित करने के विषयों पर किसानो के साथ चर्चा किया गया। मृदा हमारे खाद्य सुरक्षा की मूल नींव है। यह जल का संरक्षण, कार्बन का संचय और जैव विविधता का संरक्षण करती है। हर एक मुट्ठी मिट्टी के अंदर करोड़ों जीवाणु, केंचुए और जैविक तत्व कार्य करते हैं जो इसे उपजाऊ बनाते हैं। वर्तमान चुनौतियां आज मृदा की उर्वरता तेजी से घट रही है। अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों का उपयोग, मृदा कटाव, असंतुलित खेती, जमीन का अति दोहन, और जलवायु परिवर्तन मिट्टी को बंजर बनाने की दिशा में धकेल रहे हैं। यदि हम अब भी सावधान नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियां गंभीर संकट का सामना करेंगी।



#### मृदा संरक्षण क्या है और क्यों आवश्यक है

मृदा संरक्षण का अर्थ है मिट्टी की गुणवत्ता, संरचना और उर्वरता को सुरक्षित रखना। यह तभी संभव है जब हम वैज्ञानिक तकनीकों और पारंपरिक ज्ञान दोनों का संतुलित उपयोग करें। मृदा संरक्षण के प्रमुख उपाय 1. जैविक कृषि (व्तहंदपब थ्ंतउपदह) अपनाएँ और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करें। 2. फसल चक्र (ब्तवच त्वजंजपवद) एवं बहु–फसली प्रणाली लागू करें। 3. खेत में फसल अवशेष जलाने से बचें, उन्हें खाद के रूप में उपयोग करें। 4. कवर क्रॉप्स और ग्रीन मैन्योर का प्रयोग करें। 5. सोइल टेस्टिंग (मृदा परीक्षण) कराकर वैज्ञानिक सलाह पर उर्वरक डालें। 6. वृक्षारोपण और घास कट कंटूर बंडिंग जैसी तकनीकों से मृदा कटाव रोके। 7. सूक्ष्मजीव आधारित खाद और वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग बढ़ाएं।

